खबर संक्षेप

## कालाका गांव से वृद्ध घर से लापता

**रेवाड़ी।** कालाका गांव से करीब 80 वर्षीय वृद्ध अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सतेंद्र कुमार ने बताया कि उसका पिता भूपसिंह 14 जून को अचानक घर से कहीं चला गया। देर रात तक उसके पिता के वापस नहीं आने पर उसने तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वृद्ध की तलाश शुरू कर दी।

## मामा के घर आई युवती अचानक लापता

**रेवाड़ी।** शहर के एक मोहल्ले में अपने मामा के घर आई 20 वर्षीय युवती अचानक लापता हो गई। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में युवती के मामा ने बताया कि उसकी भांजी गुरूग्राम की रहने वाली है। वह उनसे मिलने के लिए गुरूग्राम से 15 जून को आई थी। अगले ही दिन शाम को वह बिना बताए घर से कहीं चली गई। इसके बाद उसके घर व रिश्तेदारियों में संपर्क किया गया, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। उसने पंकज नाम के युवक पर उसकी भांजी को भाग ले जाने का आरोप लगया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

## कूड़ा डालने को लेकर विवाद में मारपीट

**रेवाड़ी।** शुक्रपुरा में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में परिवार के कई सदस्यों के साथ मारपीट की गई। पुलिस बयान में यशपाल ने बताया कि पड़ोसी उनके मकान के पास कूड़ा डाल रहा था। उसके भाई ने विरोध किया राजेश व परिवार के सदस्य लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए। इन लोगों ने उसके, उसके भाई और पिता के साथ जमकर मारपीट की। इन लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई है।

## दो लोगों के खिलाफ धमकी देने का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** द्वारकाधीश सोसायटी में रहने वाले व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में विराज यादव ने बताया कि मोकलवास निवासी सतपाल व लोकेश से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद यह दोनों उसे बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यह लोग रात के समय बार-बार फोन करके उसे खत्म करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग उसने पुलिस को दे दी है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## नाबालिग से मारपीट के दो आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने 17 मई को नाबालिग के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में झज्जर के गोरिया निवासी लखन और सुलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने एक मोहल्ले में महिला से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

- पुलिस ने सामान्य अस्पताल से महिला का मेडिकल कराया था, इस मामले के आरोपी जितेंद्र उर्फ सोनू को पुलिस ने काबू कर लिया

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 6 जून को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने सामान्य अस्पताल से महिला का मेडिकल भी कराया था। इस मामले के आरोपी जितेंद्र उर्फ सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### निर्जला एकादशी का व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की

# निर्जला एकादशी पर पूरे दिन चलता रहा धर्म-कर्म, राहगीरों को शरबत पिलाया

### समाजसेवियों ने भंडारे में हलवे व पूरी का प्रसाद भी वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को निर्जला एकादशी का व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की, वहीं अपनी सामर्थ्यनुसार जरुरतमंदों व बेसहारा लोगों को खाद्य सामग्री का दान भी दिया। महिला श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर अपने परिजनों के लिए सुख-समृद्धि की कामना भी की। निर्जला एकादशी पर धर्मप्रेमियों व संगठनों ने जिले के सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को दूध, शरबत व मीठा पानी पिलाकर खूब पुण्य कमाया। एकादशी पर मंदिरों में पूजा पाठ व हवन भी किया गया। समाजसेवियों ने भंडारे में हलवे व पूरी का प्रसाद भी वितरित किया। महिलाओं ने मंदिरों में जल से भरे मटके, हाथ पंखे व फल भी चढ़ाएं।



रेवाड़ी। बावल रोड पर लोगों को शर्बत पिलाते एसो. के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। नारनौल रोड पर राहगीरों को प्रसाद बांटते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

## एसोसिएशन ने बावल रोड पर लगाई छबील

शहर के बावल रोड पर दुर्गा मार्केट एसोसिएशन की ओर से निर्जला एकादशी पर दूध के शर्बत की छबील लगाई गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। पुण्य के कार्य में आसपास के दुकानदारों ने पूरा सहयोग दिया। छबील पर सुबह से दोपहर तक काफी भीड़ रही। नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर के बाहर निर्जला एकादशी पर श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों की ओर से छबील लगाई गई। ग्रुप के सदस्यों ने भीषण गर्मी में लोगों को मीठा इंडा पानी पिलाकर राहत दी। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने कागज के गिलास का इस्तेमाल करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## नारनौल रोड पर बांटा गया प्रसाद

निर्जला एकादशी पर शहर में जगह-जगह छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। कई जगह हलवा-छोले का प्रसाद भी बांटा गया। नारनौल रोड पर स्वामी दयानंद गोशाला के सामने दुकानदारों की ओर से छबील लगाकर धर्म-कर्म किया गया।

दुकानदारों की ओर से राहगीरों को हलवा-छोले का प्रसाद बांटने के साथ मीठा पानी भी पिलाया गया। नारनौल रोड पर छबील लगाने में हरिराम सैनी, जयराम सैनी, सुरेन्द्र गौड़, अशोक शर्मा, सुधीर भार्गन, दिनेश कुमार, बिरेन्द्र यादव, जयपाल यादव, रवि सैनी, नवीन सैनी, मनीष यादव, अक्षित, जगदीश चौहान व मनीष शर्मा सहित अनेक युवाओं ने योगदान दिया। नाईवाली चौक के पास महाकाल संस्था की ओर से निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों व वाहन चालकों की गर्मी में प्यास बुझाई गई। वीरसिंह प्रधान ने बताया कि महाकाल संस्था लंबे समय से धार्मिक कार्यो से जुड़ी हुई है। संस्था से रॉकी सीए, लक्ष्य, कार्तिक, निहाल सैनी, हनुमान प्रसाद, करतार, राजकुमार सैनी, कार्तिक यादव, रोहतास कुमार, सुभाष कुमार, हनुमान प्रसाद व दिनेश भगत ने पुण्य कार्य में योगदान दिया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ धर्म-कर्म

बावल में छोटूराम चौक पर श्री श्याम सब्जी मार्केट एसोसिएशन ने मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों का गला तर किया। निर्जला एकादशी पर सैनीपुरा मोहल्ले में बालक नाथ महाराज के हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। आसपास की कॉलोनियों के लोगों तथा राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। खटीक समाज के घनश्याम दास चौहान, रोहित चौहान, मनोज चेतीवाल, राजू चेतीवाल, प्यारेलाल बागोरिया, रामस्वरूप बागोरिया, गणेश बागोरिया, व रामपाल बागोरिया ने धार्मिक आयोजन में सहयोग दिया।

# कुंड स्कूल में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



रेवाड़ी। योग शिविर में योगाभ्यास करते लोग। फोटो :हरिभूमि

- योग शिविर का नरेंद्र यादव ने शुभारंभ किया गया
- शिविर में ग्रामीणों के साथ युवाओं व बच्चों ने भी बढ चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

कुंड स्थित न्यू एरा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पतंजलि परिवार की ओर से तीन दिवसीय योग शिविर शुरू किया गया। खालेटा तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति मनेठी की ओर से आयोजित योग शिविर का नरेंद्र यादव ने शुभारंभ किया गया। योग शिविर में ग्रामीणों के साथ युवाओं व बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बच्चों को दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। श्रीराम खालेटा ने प्राणायामों का अभ्यास कराया। रामनिवास बेनीवाल सह जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने सूर्य नमस्कार की 12 विधि, ताड़ासन, गरुड़ासन, शीर्षासन, नटराज आसन, मंडूकासन, ससकासन व योगिंग-जोगिग की 12 क्रियाएं कराई। इस अवसर पर बेनीवाल ने कहा कि योग करने से हमे तीन लाभ मिलते हैं, आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक, जबकि जिम से हमें सिर्फ शारीरिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि 21 जून देश में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर मास्टर लक्ष्मण सिंह, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, ओम प्रकाश, सुनील कुमार, रामनिवास, मुकेश व गजेंद्र मौजूद थे।



## निर्जला एकादशी पर युवाओं ने गांव में लगाई छबील

**रेवाड़ी।** जिले के गांव कढ़ू भवानीपुरा में सोमवार को निर्जला एकादशी पर युवाओं ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया। युवाओं की ओर से गांव के मेन रोड पर लगाई गई छबील पर सैकड़ों लोगों ने मीठा पानी पिया। युवाओं ने गांव के बुजुर्गों को घर-घर जाकर भी शर्बत पिलाया। इस पुण्य कार्य में गांव के पंच देशराज सोनी, लाला दुकानदार, बालकिशन टिल्लू, कुलदीप सोनी, पूर्व पंच धर्मेन्द्र, लक्की, अजित सिंह व विजय सिंह सहित अनेक बच्चों ने सहयोग किया।

## फर्जी बैंक कर्मी बन सीड कम्पनी कर्मी से 59294 रुपये ठगे

**कनीना।** एक ओर पुलिस प्रशासन कैम्पों का आयोजन कर आमजन को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक कर रहा है। वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर आमजन को अपने चंगुल में फंसा रहे हैं। उनके लोभ-लालच वाले तरीकों से साइबर अवराध में मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में सब डिवीजन के गांव नोताना निवासी अजीत सीड कम्पनी में कार्यरत सुरेंद्र कुमार ने सदर थान में दी शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। जिसने अपने आपको बैंक कर्मचारी बताया। पीड़ित ने बताया कि हाल ही में एचडीएफसी बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवाया था। जिस पर क्लिक कर ओटीपी बताया तो उसके बैंक खाते से तीन बार में कुल 59294 रुपये कट गए। इसके बाद उसके मोबाइल पर संपर्क नहीं हो सका।

# मुस्लिम समाज ने भाईचारे के साथ मनाई बकरीद

- नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में मुस्लिम सुमदाय की ओर से ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अता की गई। गांव खोल व गुड़ियानी की ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद इमाम इस्माइल ने देश में अमन चैन व भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाने की ताकीद की। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार कुबार्नी का है, लेकिन हमें परिवार व समाज को नुकसान पहुंचा रहे कार्या को छोड़कर हर प्रकार की बुराईयों को खत्म करने का प्रण लेना चाहिए। मुस्लिम समाज के प्रधान मुबीन खान ने भी सभी को शांति व भाईचारे का संदेश दिया। प्रधान ने कहा कि हमें समाज को एकजुट रखने का प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद शरीर की शुद्धि के साथ आत्मा की शुद्धि भी करती हैं। सुबह से ही शहर की मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ रही। शहर के राजीव नगर स्थित पीर बाबा वाली मस्जिद, आसिया मस्जिद पुराना सिटी थाना, जामा मस्जिइ दफ्तरवाली गली गोल चक्कर, रेलवे रोड स्थित मदीना मस्जिद व गुड़ियानी की ईदगाह तथा खोल गांव मस्जिद में सामूहिक रूप से नमाज अता की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। बच्चों ने भी एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारा दिखाया। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व शांति के पूरे प्रबंध किए गए। इस मौके पर मस्जिद के खजांची पप्पू खान, सलामुद्दीन चौहान, शरीफ खान, मजीद खान, सुल्तान खान, फिरोज खान, सलामत, डा. इस्माइल, दीन मोहम्मद, नूर मोहम्मद, आनंद ,खुर्शीद, सुबहान, दीपक, परवेज, समर, साहिल, अयान, प्रवीण व संदीप सहित समाज में सभी लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। ईद-उल-अजहा पर नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

# प्रेम से दिए गए दान से भगवान को भी वश में किया जा सकता

- महाराज बली ने दान के द्वारा भगवान वामन को भी अपने वश में करके दरबार का चौकीदार बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गांव सुधराना के बाबा भैया धाम पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री वृंदावन धाम से आए कथावाचक बांके बिहारी विहारी महाराज ने दानी महाराज बली की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महाराज बली ने दान के द्वारा भगवान वामन को भी अपने वश में करके दरबार का चौकीदार बना दिया। भक्तों की ओर से प्रेम से जो दान दिया जाता है, उससे भगवान को भी वश में किया जा सकता है। महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष ध्रुव चरित्र के साथ नवम स्कन्ध में प्रवेश कर राम चरित्र की कथा सुनाकर बताया कि संसार में जब जीव सर्व जगह से हारकर प्रभु शरण में चला जाता है तो प्रजा की तरह उस जीव की भी मुक्ति हो जाती है और वह भगवान को प्राप्त कर लेता है। इसी प्रकार भक्त ध्रुव ने दृढ़ विश्वास से भक्ति कर भगवान को प्राप्त कर काल के सिर पर पैर रखकर बैकुंठ धाम की प्राप्ति की। महाराज ने कहा कि रामकथा के श्रवण से हमें गृहस्थ जीवन में रहने की मर्यादा का ज्ञान होता है। समभाव व सम दृष्टि से प्रभु चरण की प्राप्ती होती है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की भी कथा का वर्णन किया तथा धूमधाम से नंद उत्सव मनाया। महाराज के मुखारबिंद से भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बाबा भैया कमेटी के सदस्यों सहित राम गोपाल, डा. धनराज, कृष्णन व राजेश सहित सभी भक्तों ने फूलों की वर्षा की।





रेवाड़ी। कथा सुनाते हुए बांके बिहारी महाराज व श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# आज मिलेगी किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन में देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। किसान सम्मान निधि योजना कार्यक्रम का शहर के बाल भवन में सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की किसान हितैषी प्रमुख योजना है, जोकि फरवरी 2019 में पात्र भूमि धारक किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। यह योजना न केवल किसानों की आय में वृद्धि कर रही है बल्कि उनकी आजीविका को सुरक्षित बना रही है। सरकार का उदेश्य है कि हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिले। रेवाड़ी में अब तक योजना के तहत 192 करोड़ रुपये किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किए जा चुके हैं।

# ज्वेलर की दुकान से लाखों रुपये का सोना चोरी

- पकड़े जाने पर सिर पर ईंट से हमला करके भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामसिंहपुरा में रविवार की रात एक मकान में बनी ज्वेलर की दुकान में चोरी करने के लिए दो लोग घुस गए। एक ज्वेलरी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। दूसरे को सर्राफ ने मौके पर ही पकड़ लिया, लेकिन वह हाथापाई करते हुए उसके सिर पर ईंट पर हमला करने के बाद फरार हो गया। सिटी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी। मूल रूप से गांव खोल निवासी योगेश रामसिंहपुरा में रह रहा है। उसकी ज्वेलरी की दुकान मकान के अंदर ही है। पुलिस बयान में योगेश ने बताया कि रात को करीब 2:30 बजे उसे दुकान के अंदर शोर सुनाई दिया। वह चुपके से दुकान के अंदर जाने लगा, तो उसमें दो लोग घुसे हुए थे। उसके जाते ही एक बैग लेकर भाग गया। दूसरे को उसने पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी उसकी पहचान में आ गया। वह इसी कॉलोनी का रहने वाला सागर था। सागर ने पकड़े जाने के बाद उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। वह उसके सिर में ईंट मारकर फरार हो गया। योगेश ने बताया कि दोनों आरोपी दुकान में रखी अलमारी से 250 ग्राम सोने के आभूषण व चांदी के अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। इनकी कीमत लाखों रुपये है। पुलिस ने योगेश की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### कल से मौसम के तेवर नरम पड़ने की संभावना, बूंदाबांदी के आसार

# अंतिम दौर में पहुंचा लू का प्रकोप, तापमान 45 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इस साल गर्मी ने लोगों को जमकर पसीना निचोड़ने का काम किया है। लू के प्रकोप का अंतिम समय आ चुका है। अब 19 जून से मौसम में बदलाव के बाद गर्मी के तेवर नरम पड़ने की संभावना बन चुकी है। इस दौरान आसमान में बादलों व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के आसार नजर आ रहे हैं। बुधवार से तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो सकता है, जिससे लोगों को हीट वेव के प्रकोप से निजात मिल जाएगी। सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप ने भारी गर्मी का अहसास कराया। दोपहर बाद तक गर्म हवाओं ने लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने दिया। अधिकतम तापमान एक बार फिर 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में दोनों तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हैं। बीते शुक्रवार को हुई हल्की बरसात के बाद लोगों को हीट वेव से कुछ राहत मिली थी, परंतु तापमान बढ़ने और तेज धूप के कारण दिन भर लू का प्रकोप बना रहा। शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छाने से गर्मी का असर कुछ कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार लू का यह इस सीजन में अंतिम दौर चल रहा है। 19 जून के बाद लू का प्रकोप खत्म हो जाएगा। मौसम में तेजी से बदलाव आएगा। कमजोर पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से अगले दो-तीन दिन में आसमान में आंशिक या घने बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। सप्ताह के अंत में प्री-मानसून बारिश भी हो सकती है। बुधवार से तापमान में कमी आना शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को भारी गर्मी से राहत मिल सकेगी।



रेवाड़ी। सोमवार को धूप से बचाव करता जाता रेहड़ी चालक। फोटो :हरिभूमि

### लगातार बढ़ रही किसानों की बेचैनी

मौसम की बेरुखी इस बार किसानों की बेचैनी लगातार बढ़ा रही है। आसमान में बादल छाते ही किसानों को बरसात की उम्मीद नजर आती है, लेकिन आसमान साफ होते ही वह निराश हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि पिछले साल मई माह के अंत में जिले में औसत 40 एमएम तक बरसात हो गई थी। बिजाई का समय नहीं आने के बावजूद किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी। अब बाजरे की बिजाई का सही समय आ चुका है, परंतु इस बार बिजाई के लायक बरसात नहीं हुई है। कपास की फसल भी बारिश के बिना मुरझाने लगी है। ऐसे में किसानों की नजरें लगातार आसमान पर टिकी हुई हैं।

**खबर संक्षेप**

### महावीर अवार्ड के लिए 30 जुलाई तक आवेदन

रेवाड़ी। भगवान महावीर फाउंडेशन की ओर से 28वें महावीर अवार्ड के लिए अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा चार क्षेत्रों में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं।

### पार्क सुधारने को कल ज्ञापन सौंपेगा संगठन

रेवाड़ी। नेहरू पार्क में स्वतंत्रता सेनानी परिवार संगठन की ओर से बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन को रजिस्टर्ड कराने का प्रस्ताव रखा गया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क दयनीय हालत को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। संगठन की ओर से पार्क की दशा सुधारने को लेकर 19 जून को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय में जिला उपायुक्त ज्ञापन दिया जाएगा।

### घूमने गए परिवार के घर से लाखों रुपये की चोरी

रेवाड़ी। शहर में एक बंद मकान में सेंध लगाकर चोर लाखों की चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात के समय परिवार मनाली घूमने गया हुआ था। पीछे से चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 5 लाख रुपए के गहनों व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार को परिवार का एक सदस्य जब घर पहुंचा तो चोरी का पता चला। शहर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### ऑनलाइन टास्क के नाम पर 2.12 लाख की ठगी

रेवाड़ी। टेलीग्राम पर मिले लिंक पर क्लिक करने के बाद ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटा पैसा कमाने के चक्कर में एक महिला 2.12 लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। विकास नगर निवासी बबीन ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने टेलीग्राम पर मिले लिंक को क्लिक करने के बाद एक गुरप ज्वाइन किया था।

### महाराणा प्रताप चौक से भाड़ावास रोड व ब्रास मार्केट की सभी लाइटें बंद, सरकुलर रोड पर भी काफी जगह लाइटें खराब

# कई महीने तक रोशन रहा शहर फिर से अंधेरे में, शहर के कई मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के कई मार्गो पर फिर से स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है। सड़कों पर अंधेरा रहने से लोगों को रात के समय हादसों व आपराधिक घटनाओं के होने का डर बना रहता है। वर्तमान में शहर के कई मार्गो र स्ट्रीट लाइटें बंद है और जहां जल रही है वहां भी बीच-बीच में कई सट्रीट लाइटें खराब है। नगर परिषद की ओर से शहर के सरकुलर रोड सहित मुख्य मार्गो पर लगी स्ट्रीट लाइटें ठीक कराई गई थी। स्ट्रीट लाइटों के ठीक होने से लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन अब फिर से कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से अंधेरा छाया रहता था। शहर के महाराणा प्रताप चौक से अनाजमंडी रोड, मिनी बाइपास, बावल रोड व सरकुलर रोड पर बीच-बीच में काफी स्ट्रीट लाइटें जवाब दे चुकी है। शहर के पॉश मार्केट ब्रास मार्केट तो रात के समय पूरा अंधेरे में डूबा रहता है।





रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में बंद पड़ी हाईमास्ट व सरकुलर रोड पर बीच में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट व महाराणा प्रताप चौक से नेहरू पार्क के सामने अंधेरा। फोटो :हरिभूमि

### यहां पर चालू की गई थी स्ट्रीट लाइटें

शहर के महाराणा प्रताप चौक से अनाजमंडी रोड की स्ट्रीट लाइटें, दिल्ली रोड, नाईवाली चौक, मुख्य बाजार, मिनीबाइपास, झज्जर रोड, नारनौल रोड, महेन्द्रगढ़ रोड, गढ़ी बोलनी रोड, बावल रोड, पुराना हाउसिंग बोर्ड रोड, ब्रास मार्केट, सरकुलर रोड, भाड़ावास रोड की स्ट्रीट लाइटें चालू की गई थी, जिनमें काफी जगह लाइटें बंद हो चुकी है। इसके अलावा सेक्टर-18 में ज्यादातर नाम मात्र की ही स्ट्रीट लाइटें चालू हालत में है।

**इन मार्गों पर रहती है बंद**

*शहर के कई मार्गों पर रात के समय अंधेरा रहने से अपराधिक गतिविधियां होने का भी डर बना रहता था। साथ ही रात के समय सरकुलर रोड पर अंधाधुंध दौड़ते डंपरों से हादसे का भी डर है। शहर में ब्रास मार्केट, नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक के बीच, ब्रह्मगढ़ से बावल चौक के बीच, अंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी के बीच, दिल्ली रोड व झज्जर रोड पर काफी स्ट्रीट लाइटें बंद है।*

**नई लाइटें भी लगाने की तैयारी**

शहर की जरूरत के हिसाब से नगर परिषद की ओर से करीब 2420 स्ट्रीट लाइटें मंगवाई गई है, जिनको लगाने का कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है। इसके अलावा बावल के लिए 1375 व धारूहेड़ा के लिए 482 स्ट्रीट लाइटें आ चुकी है। इन लाइटों को लगाने के साथ सभी लाइटों को तिरंगे का लुक भी दिया जाएगा, जिस पर करीब 1.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**जल्द ही ठिक की जाएगी**

सभी स्ट्रीट लाइटों को जल्द ही ठीक कराकर चालू किया जाएगा। इसके अलावा नई लाइटें भी लगाई जाएंगी। सभी लाइटों को तिरंगे रंग का लुक दिया जाएगा, जिससे शहर का सौन्दर्य करण भी बढ़ेगा।
**पूनम यादव, चेयरमैन, नगर परिषद, रेवाड़ी।**



रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें।



रेवाड़ी। बैठक करते भाकियू चढूनी के सदस्य।

### भाकियू चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 5 जुलाई को सुनेंगे किसानों की समस्या

रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय प्रधान किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी 5 जुलाई को नई अनाजमंडी स्थित किसान भवन में यूनियन के सदस्यों की मीटिंग लेंगे तथा किसानों व मजदूरों की समस्या सुनेंगे। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने बताया कि किसानों को अभी तक बीमा की राशि नहीं मिली है तथा कुछ किसानों को भावांतर की राशि भी नहीं मिली है। किसानों को खाद-बीज भी लेने में दिक्कत हो रही है। प्रधान ने बताया कि यूनियन की ओर से अधिकारियों से भी बातचीत की जाएगी तथा संगठन का भी विस्तार किया जाएगा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी की ओर से गांव रोजूवास में बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव-गांव जाकर 5 जुलाई के लिए किसानों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## सूरजपाल के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग

- सूरजपाल अम्मू ने 9 जून को दिल्ली में आयोजित समाज के कार्यक्रम में गुर्जर और जाट समाज को लेकर दिया था विवादित बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजपूत करणी सेना के सूरजपाल अम्मू की ओर से जाट और गुर्जर समाज पर टिप्पणी करने के विरोध में सोमवार को जिले में गुर्जर-जाट समाज में गुस्सा फूट गया है। बड़ी संख्या में दोनों समाज के लोगों ने बावल में एकत्रित होकर पंचायत की। पंचायत में निर्णय लेने के बाद सभी लोगों ने बावल थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी लाजपत को सूरजपाल अम्मू के खिलाफ शिकायत देकर केस दर्ज करने की मांग की। साथ ही अल्टीमेटम दिया कि अगर 24 जून तक कार्रवाई नहीं की गई तो 25 जून को फिर से पंचायत कर बड़ा निर्णय लिया जाएगा। 9 जून को राजपूत करणी सेना से सूरजपाल अम्मू ने दिल्ली में आयोजित समाज के कार्यक्रम में गुर्जर और जाट समाज को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद अम्मू के खिलाफ गुरुग्राम सहित रेवाड़ी जिले में भी गुर्जर और जाट समाज के लोगों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। सोमवार को बावल में बावल-84 खाप के प्रधान सुमेर जैलदार की अध्यक्षता में एक पंचायत बुलाई गई, जिसमें गुर्जर समाज के भी मौजिज लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बावल थाना प्रभारी को शिकायत देते गुर्जर व जाट समाज।



### नशा मुक्त अभियान के आ रहे सार्थक परिणाम युवा खेलों की ओर हो रहे आकर्षितः डीएसपी

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत जिले में लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में यह अभियान 26 जून तक जारी रहेगी। अभियान के दौरान जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। डीएसपी हैडक्वाटर पवन कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन बर्बाद कर देता है। डीएसपी ने कहा की नशा मुक्त अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिले के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने का है।

## विस चुनाव को लेकर पार्टी को मजबूत करें कार्यकर्ताः लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के बूथ एजेंटों की बैठक नाहड़ रोड़ स्थित कोसली विधायक कैंप कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में गत लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए। इस अवसर पर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को जिस प्रदर्शन की उम्मीद थी, वह नहीं मिल पाया है। इसके पीछे के कारणों को पता लगाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पार्टी संगठन ने उन्हें दूर करने के लिए मजबूती के साथ कार्य शुरू कर दिया है। कोसली विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरा ध्यान अब विधानसभा चुनाव पर है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा का चुनाव प्रभारी तथा त्रिपुरा से सांसद बिप्लब कुमार देब को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया है। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं व एजेंटों से सुझाव भी लिए तथा चुनावों की तैयारियों में पूरी मेहनत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के उपरांत मुख्यमंत्री पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुट गए हैं तथा आमजन को राहत पहुंचाने को लेकर अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर जीत हासिल करना ही संगठन का उद्देश्य है।



रेवाड़ी। संबोधित करते विधायक लक्ष्मण सिंह।



### रेलवे स्टेशन पर चला अभियान, जीआरपी टीम बोली-नशे से दूर रहें लोग

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरियाणा राजेश कालिया के मार्गदर्शन व जीआरपी एसएचओ भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को महिला एएसआई उर्मिला, एचसी पूनम व रेलवार्डन रमेश वशिष्ठ ने यात्रियों व स्टेशन स्टाफ को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जीआरपी टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशे के दुष्प्रभाव से व्यक्ति कभी संभल नहीं पाता है। नशे से एक व्यक्ति के साथ-साथ उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है, क्योंकि पहले तो व्यक्ति छोटे मोटे नशे करता है और फिर इसके दलदल में फंसता चला जाता है। नशे की गिरफ्त में आकर व्यक्ति कुछ भी कार्य करने में सक्षम नहीं रहता है। नशा करने के लिए व्यक्ति घर से चोरी करने के साथ छोटे-छोटे अपराध करके बुरी तरह फंस जाता है, जिसका पूरा असर उस व्यक्ति के परिवार पर पड़ता है। जीआरपी टीम ने रेलवे स्टेशन पर कार्य करने वाले कर्मचारियों व यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि अगर नशे से संबंधित किसी प्रकार की सूचना मिले या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग या सप्लाई करता है तो तुरंत जीआरपी थाना व डायल 112 नंबर पर सूचित करें।

## पानी बचाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की सख्ती, गांव भटेड़ा में अवैध कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से अंतिम छोर तक पीने का पानी पहुंचाने व पानी की बबार्दी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे है। जन स्वास्थ्य विभाग से उपमंडल अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के सदस्यों ने पानी की बबार्दी रोकने के लिए अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया। विभाग के उपमंडल अभियंता विनोद बागड़ी एवं कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों की तीन टीम बनाकर अवैध कनेक्शनों को चिंहित करके मौके पर ही काटा गया। विभाग की ओर से सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने पर हर्जाना भी वसूला जाएगा तथा ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।




रेवाड़ी। गांव भटेड़ा में अवैध कनेक्शन काटती टीम व ग्रामीणों को नोटिस देते हुए विभाग के अधिकारी।

### व्यर्थ पानी न बहाने की शपथ दिलाई

इस दौरान उपमंडल अभियंता बागड़ी ने कहा कि अवैध कनेक्शन काटने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए लोग पानी का दुरुपयोग बिल्कुल न करें। उन्होंने लोगों से पानी के कनेक्शन को वैध कराने तथा खुले चल रहे नलों पर टोंटियां लगाने की भी अपील की ताकि सभी घरों तक साफ और स्वच्छ पानी की आपूर्ति हो सकें। उन्होंने कहा कि नहरी पानी की व्यवस्था होते हुए भी अंतिम छोर पर बसें लोगों को कम मात्रा में पानी मिलता है। उन्होंने लोगो को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया।

## इंद्रजीत खंडेलवाल बने श्याम बहादुर सेवा मंडल के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्री श्याम बहादुर सेवा मंडल की ओर से बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में इंद्रजीत खंडेलवाल को प्रधान, हेमंत अग्रवाल को उप प्रधान, अनिल अग्रवाल को महासचिव, ललित जांगड़ा को महासचिव, रमेश चंद्र को कोषाध्यक्ष, महेंद्र अग्रवाल को मीडिया प्रभारी व नवीन शर्मा को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। रविंद्र गोयल एवं संतोष अग्रवाल को सलाहकार तथा 19 सदस्यों को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया। राजकुमार बॉबी, रवि सहगल संजय वर्मा, अनिल गंजू, अनिल सैनी, कौशल किशोर, परमप्रीत कालरा, रमेश कसेरा, देवेंद्र सिंह, राकेश अग्रवाल, दिलीप अरोड़ा, रवि वर्मा, नवीन सोनी, विनोद गुप्ता, संतोष गुप्ता, दीपक, दिनेश राजपाल, ऋषभ अग्रवाल व अनमोल अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।



रेवाड़ी। बैठक करते श्री श्याम बहादुर सेवा मंडल के सदस्य।

**चुनाव** | पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने रोका था कैप्टन का विजय रथ

# चिरंजीव के सामने मुकेश चुनौती, फिक्स वोट बैंक बन रहा ताकत

- अब भतीजा मुकेश कापड़ीवास इतिहास दोहराने पर लगा रहा पूरा जोर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अस्सी के दशक में रेवाड़ी हलके में उपचुनाव के साथ विधानसभा की दहलीज तक पहुंचने वाले अहीरवाल के दिग्गज नेता कैप्टन अजय सिंह यादव का विजय रथ लगातार वर्ष 2014 तक दौड़ता रहा। भाजपा नेता रणधीर सिंह कापड़ीवास ने पहली बार उनके विजय रथ को रोक दिया था। इसके बाद रेवाड़ी हलके से बेटे चिरंजीव राव को विधानसभा में एंट्री करा चुके कैप्टन खुद विधानसभा चुनाव लड़ने से तौबा कर चुके हैं। उनका मकसद एक बार फिर से रेवाड़ी में बेटे चिरंजीव राव की जीत सुनिश्चित करना है। चिरंजीव का रास्ता रोकने के लिए कापड़ीवास के भतीजे युवा भाजपा नेता मुकेश कापड़ीवास इस बार बड़ी अड़चन साबित हो सकते हैं। इस हलके में कैप्टन अजय सिंह का लंबा साम्राज्य रहा है। इस सीट पर वह लगातार 6 बार एक ही पार्टी से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। गत लोकसभा चुनावों में गुरूग्राम सीट पर हार के बाद उन्होंने सातवीं बार विधानसभा चुनावों में उतरने की बजाय बेटे चिरंजीव राव को मैदान में उतारा था। त्रिकोणीय मुकाबले और भाजपा में जबदरस्त घमासान के कारण चिंरजीव कम मतों से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद पिता की कर्मभूमि पर खुद को साबित करने के लिए चिरंजीव ने ग्राउंड लेवल पर जमकर पसीना बहाया। हलके के लोगों के बीच जाकर न सिर्फ पिता के समर्थकों को साथ जोड़े रखने का काम किया, बल्कि युवाओं की मजबूत टीम भी खुद के लिए तैयार करने में कसर नहीं छोड़ी। लोकसभा टिकट से वंचित रह चुके कैप्टन ने इस बार विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर पार्टी टिकट देगी, तो इस बार भी चिरंजीव राव ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। चिरंजीव को पिता की तर्ज पर सबसे बड़ा खतरा कापड़ीवास से ही हो सकता है। रणधीर सिंह कापड़ीवास निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कई बार इस हलके से 30 हजार से ज्यादा मत हासिल कर चुके हैं, जो उनका फिक्स वोट बैंक माना जाता है। उसमें इजाफ करने के लिए भतीजे मुकेश ने काफी दिनों से इस हलके में जनसंपर्क अभियान तेज किया हुआ है। वह चाय के बहाने हलके के गांवों में लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद लेने की मुहिम शुरू किए हुए हैं।



मुकेश कापड़ीवास।



कैप्टन अजय सिंह यादव।



चिरंजीव राव।

**टिकट के समीकरण बन रहे पक्ष में**

रणधीर सिंह कापड़ीवास उम्र की नजाकत को देखते हुए इस बार अपनी जगह मुकेश को मैदान में उतारने के प्रयास में हैं। भाजपा में उनका निष्कासन समय से पहले समाप्त होने के बाद मुकेश को पार्टी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट और गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र का युवा प्रभारी बनाया हुआ है। कम समय में ही वह पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और दूसरे वरिष्ठ नेताओं से अच्छे संबंध बना चुके हैं। पार्टी में टिकट को लेकर बेशक इस बार भी घमासान की पूरी संभावना है, परंतु बड़े वोट बैंक को देखते हुए कापड़ीवास को नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। गत विधानसभा चुनावों में कापड़ीवास की अनदेखी पार्टी के लिए एक सीट खोने का कारण बनी थी। चिरंजीव व कैप्टन को इस बार भी कापड़ीवास एंड कंपनी से सबसे बड़ा खतरा रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### महिला की चेन झपटकर बाइक सवार फरार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 व 5 के लिंक रोड पर बाइक सवार दो-तीन युवक एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पुलिस शिकायत में नीलम रानी ने बताया कि वह अपनी बेटी को साथ लेकर सब्जी खरीदने के लिए घर से निकली थी। लिंक रोड पर पहुंचने के बाद बाइक पर पीछे से आए दो-तीन युवक उसके गले की चेन झपटकर फरार हो गए। उसने काफी शोर मचाया, लेकिन बाइक सवार बाइपास रोड की ओर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### पुलिस चौकी के लिए गया व्यक्ति लापता

**नाहड़।** पुलिस चौकी आने के लिए घर से निकला एक व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस शिकायत में झज्जर के खेतीवास निवासी नानक ने बताया कि उका पिता कर्मू नाहड़ के एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस चौकी में बुलाया गया था। 12 जून को उसका पिता पुलिस चौकी जाने के लिए घर से निकला था। शाम तक उसका पिता नाहड़ निवासी सुमेर सिंह के साथ। इसके बाद से उसका पिता लापता है। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### इंटरव्यू देने के लिए कंपनी गया युवक गायब

**रेवाड़ी।** कृष्णा नगर में अपनी बहन के घर आने के बाद कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए गया एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में कृष्णा नगर में रहने वाली मूल रूप से उत्तराखंड निवासी रजनी ने बताया कि उसका भाई 20 वर्षीय आशीष उसके पास मिलने के लिए आया था। 14 जून वह एक कंपनी में इंटरव्यू देने की बात कहते हुए घर से निकला था। शाम तक उसके वापस नहीं आने पर जब संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद रहा था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कार की चपेट में आकर दुकानदार घायल

**रेवाड़ी।** पोसवाल चौक के पास कार चपेट में आने से एक दुकानदार घायल हो गया। शक्ति नगर निवासी टेकचंद ने दुकान की हुई है। शाम के समय वह दुकान बंद करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। पोसवाल चौक के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। कार चालक मौके से फरार हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### गर्दन काटने की धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** परशुराम कॉलोनी में अपने जीजा की गर्दन काटने की धमकी देने के आरोपी को मॉडल टाउन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 14 जून को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसका साला नवीन आपराधिक प्रवृत्ति का है। अपनी मां की जायदाद हथियाने के लिए वह बार-बार गर्दन काटने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी नवीन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सेक्टर-3 हाससिंग बोर्ड से ईको कार चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड से चोर एक ईको गाड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बहादुरगढ़ के बराही निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसका बहादुरगढ़ में ट्रांसपोर्ट का काम है। वह अपने काम से ईको गाड़ी लेकर हाउसिंग बोर्ड में रहने वाली अपनी साली के घर आया था। गाड़ी को उसने सर्विस रोड पर खड़ा किया था। सुबह जब वह घर जाने के लिए गाड़ी की ओर जाने लगा तो वहां गाड़ी नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी कार का पता नहीं चला। मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

## पूर्व सरपंच ने डीसी और डीएमओ को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

# वक्फ बोर्ड की जमीन पर किया जा रहा खनन पंचायत पर लाखों की मिट्टी बेचने का आरोप

■ सरपंच ने मिट्टी बेचने के आरोपों को बताया पूरी तरह निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बीकानेर गांव में वक्फ बोर्ड व पंचायत की जमीन पर बिना अनुमति खनन करने और रातों-रात सैकड़ों डंपर मिट्टी बेचने का मामला सामने आया है। पड़ोसी गांव के पूर्व सरपंच ने सीएम, डीसी, सीएम फ्लाइंग और डीएमओ सहित को पंचायत के खिलाफ एक्शन लेने के लिए पत्र लिखा है। गांव की महिला सरपंच मंजू देवी ने जमीन साफ कराने और मिट्टी को दूसरी जगह डलवाने की बात कहते हुए मिट्टी बेचने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।

बीकानेर गांव में एक जगह वक्फ बोर्ड की लगभग 8 कनाल जमीन है। इसके पास ही दो-तीन मरला जमीन पंचायत की भी है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत ने इस जमीन पर जोहड़ खुदवाने का प्रस्ताव पास किया था। इसके बाद जोहड़ खोदने का ठेका भी ठेकेदार को दे दिया गया। शिकायतकर्ता गंगायचा अहीर निवासी पूर्व सरपंच मनसा राम ने दावा किया कि ग्राम पंचायत को वक्फ बोर्ड की जमीन पर जोहड़ बनाने का अधिकार ही नहीं है। पूर्व सरपंच ने सीएम से लेकर उच्चाधिकारियों और सीएम फ्लाइंग को प्रेषित शिकायत में बताया कि इस जमीन की खुदाई का कार्य रात के समय 15 दिन तक कराया गया। इसके बाद खुदाई से निकली मिट्टी को पास के गांव लिसाना में कई लोगों को प्रति डंपर 4 हजार रुपये के हिसाब से बेच दिया। लगभग 28 लाख रुपये की मिट्टी बेचे जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। पूर्व सरपंच मनसा राम ने जिला खनन अधिकारी को भी एक शिकायत दी है, जिसमें ग्राम पंचायत बीकानेर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अगर मामले की निष्पक्ष जांच होती है, तो गांव में बड़ा मिट्टी घोटाला उजागर हो सकता है।

### बोर्ड की जमीन पर नहीं बना सकते जोहड़

शिकायतकर्ता के अनुसार यह जमीन कागजों में वक्फ बोर्ड की है, जबकि सरपंच के ससुर रामजस जमीन ग्राम पंचायत की होने का दावा कर रहे हैं। अगर जमीन वक्फ बोड की है, तो उस पर पंचायत को जोहड़ बनाने का अधिकार नहीं है। दूसरी ओर जमीन की खुदाई से पहले खनन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है, लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से इसकी अनुमति नहीं ली गई।





रेवाड़ी। बीकानेर में जमीन की खुदाई करते हुए जेसीबी मशीन, जमीन खुदाई के बाद एक प्लॉट में डाली हुई मिट्टी। फोटो :हरिभूमि

### कराई जाएगी पूरे मामले की जांच



गंगायचा और बीकानेर के ग्रामीण मुझसे मिलने के लिए आए थे। पंचयापत पर लाखों रुपये की मिट्टी बेचने के आरोप लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को इस मामले में डीसी से बात की जाएगी, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

-प्रीतम सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष, भाजपा।

### पड़ोस के गांव के लोगों को बेची गई मिट्टी

जमीन की खुदाई के दौरान निकली मिट्टी लिसाना गांव के कई प्लाटों में भरत कराने के लिए डलवाई गई है। प्लॉट मालिकों का दावा है कि उन्होंने यह मिट्टी बीकानेर पंचायत से प्रति डंपर 4 हजार रुपये के हिसाब से खरीदी है। एक जगह पर जेसीबी से खुदाई करने वाले व्यक्ति ने मिट्टी का स्टॉक भी किया है, ताकि उसे बाद में बेचा जा सके। बीकानेर के ग्रामीणों में भी इस मामले में रोष देखने को मिल रहा है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष से उठाई जांच की मांग

मनसा राम ने बीकानेर और गंगायचा अहीर के कई ग्रामीणों के साथ एक दिन पूर्व ही भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान से मिलकर मामले की जांच और पंचायत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रीतम सिंह चौहान ने उन्हें बताया कि अभी दो दिन का सरकारी अवकाश है। मंगलवार को वह अधिकारियों से इस मामले में एक्शन लेने को कहेंगे।

### शिकायत पर जल्द की जाएगी जांच

बीकानेर में मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत मिली है। विभाग की ओर से मंगलवार को मौके पर जाकर जांच की जाएगी। अगर अवैध खनन पाया गया, तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-इंस्पेक्टर आरजू, जिला खनन कार्यालय।

### मिट्टी को दूसरी जगह पर डलवाया

गांव में दूषित पानी की समस्या के समाधान के लिए जोहड़ खुदाई का प्रस्ताव पास किया गया था। इस जमीन को फिलहाल साफ कराया जा रहा है। मिट्टी को दूसर जगह डलवाया जा रहा है। इसे बेचने के आरोप सही नहीं हैं।

-मंजू देवी, सरपंच, बीकानेर।

## रंजिश के चलते वकील से मारपीट, सात के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मामड़िया आसमपुर में रंजिश के चलते एक वकील व उसके भाई के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में एडवोकेट पवन कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में उसके पिता ने थाना खोल में गांव के ही भवानी सिंह के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज कराया था। कोर्ट में उसने भवानी सिंह की जमानत का विरोध किया था। इसके बाद ही उसने जान से मारने की धमकी दी थी। उसने आरोप लगाया कि बाइक से खेत में जाते समय भवानी सिंह ने रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

■ बाइक से खेत में जाते समय भवानी सिंह ने रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी

इसके बाद परिवार के 6 सदस्यों के साथ उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर उसे बचाने के लिए उसका भाई वहां पहुंच गया। वकील का आरोप है कि इन लोगों ने उसके भाई धर्मबीर के साथ भी मारपीट करते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दामाद ने दोस्त के साथ मिलकर की थी ललिता की हत्या

### ससुर की बीमा राशि हड़पने को किया मर्डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

थाना बावल पुलिस ने बीते सप्ताह एग्रीकल्चर कॉलेज के निकट मिले महिला के शव मामले में हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के दामाद को हिरासत में लिया है, जिसने दोस्त के साथ मिलकर सास की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा।

खुर्मपुर निवासी विधवा महिला ललिता का शव एग्रीकल्चर कॉलेज के पास सड़क किनारे गड्ढों में पड़ा मिला था। मृतका के चेहरे को बुरी तरह कुचला हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद मृतक के भाई के बयान पर हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि मृतका का दामाद संदीप ही उसे बाइक पर घर से बैठाकर ले गया था, जिस कारण संदेह की सुई संदीप की ओर घूम रही थी। जांच के बाद पुलिस ने मृतका के दामाद चरखी दादरी के एक गांव निवासी संदीप को हिरासत में लिया है।

### ससुर की बीमा राशि पर थी संदीप की नजर

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ललिता के पति की 2 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसके क्लेम का केस चल रहा है। इसमें से 5 लाख रुपये ललिता को मिले थे, जिसमें से 1.5 लाख रुपये संदीप ने हासिल कर लिए थे। बीमा की दूसरी किश्त के रूप में बड़ी राशि मिलने वाली थी। संदीप को आशंका थी कि उसकी सास दूसरी शादी करेगी, जिससे उसके हाथ से यह रकम निकल जाएगी। इसी वजह से उसने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

## इलेक्शन ड्यूटी के लिए भेजे थे चालक, वापस रोडवेज में आने को नहीं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रोडवेज विभाग से लोकसभा चुनावों के दौरान कुछ चालकों को दूसरे विभागों में इलेक्शन ड्यूटी पर भेज गया था। वहां ड्यूटी खत्म होने के बाद संबंधित विभागों को रोडवेज जीएम की ओर से उन्हें रिलीव करने के लिए पत्र प्रेषित किया था, परंतु यह चालक अभी तक अपनी मूल ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं। जीएम ने 8 चालकों को तुरंत प्रभाव से मूल ड्यूटी पर लौटने के लिए नोटिस जारी किया है। अगर यह चालक तुरंत प्रभाव से मूल ड्यूटी पर नहीं लौटे, तो उन्हें अनुपस्थित दिखाकर वेतन रोक दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से रोडवेज विभाग से चुनाव ड्यूटी के लिए अस्थाई तौर पर चालकों की मांग की गई थी। विभाग ने इसके लिए डिपो के 8 चालकों को भेजा था। चुनाव ड्यूटी पूरी होने के बाद संबंधित विभागों को जीएम की ओर 10 जून को पत्र लिखा गया था, जिसमें इन चालकों को ड्यूटी से रिलीव करने का आग्रह किया गया था। लगभग एक सप्ताह का समय बीत जाने के बावजूद यह चालक रिलीव होकर मूल ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं। इन चालकों को जीएम ऑफिस की ओर से फोन पर तत्काल अपनी डिपो में हाजिरी सुनिश्चित कराने को कहा गया था, लेकिन फोन पर मिले निर्देशों की कोई पालना नहीं हुई। जीएम देवदत्त की ओर से अब इन चालकों को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें चालकों को तुरंत प्रभाव से मूल ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अगर यह चालक मूल ड्यूटी पर नहीं लौटते हैं, तो उन्हें विभाग के रजिस्टर में अनुपस्थित माना जाएगा। उनके वेतन पर रोक लगा दी जाएगी।



■ जीएम ने आठ चालकों को जारी किए नोटिस, ड्यूटी पर नहीं आए तो नहीं मिलेगा वेतन

### दस बसें आने के बाद खलेगी कमी

विभाग की ओर से जिन चालकों को दूसरे विभागों के सुपुर्द किया जाता है, उन्हें वेतन रोडवेज विभाग की ओर से ही दिया जाता है। अभी तक डिपो में चालकों की ज्यादा कमी नहीं होने से समस्या नहीं थी, परंतु जल्द ही पलवल डिपो से 10 बसें आना प्रस्तावित है। ऐसे में इन चालकों की डिपो में हाजिरी नितांत आवश्यक हो गई है। यही कारण है कि जीएम की ओर से इन चालकों को तत्काल लौटने के लिए नोटिस जारी किया गया है।



रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

## योग क्रियाएं शरीर को बीमारियों से रखती दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डहीना

गांव मंदोला में चल रहे 15 दिवसीय सह योग शिक्षक-प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन योग प्रोटोकॉल के साथ अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने योग शिक्षकों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर व प्रार्थना मंत्र के साथ योग शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने उन्होंने सभी लोगों से योग शिविर से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील भी की। सोमवार को रामसिंह पूर्व सरपंच ने अभ्यास सत्र की अध्यक्षता की। पूर्व सरपंच ने सभी से योग प्राणायाम को नियमित रूप से जीवन में लागू करने कर स्वस्थ रहने की अपील की। योग शिक्षक मुकेश गोकलगढ़ ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। योग शिक्षक श्याम सुंदर हिंदू सक्रिय कार्यकर्ता हिंदू युवा वाहिनी ने लोगों को योगिंग-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। छोटी-छोटी योग क्रियाएं हमारे शरीर को विभिन्न बीमारियों से दूर रखती है। इस अवसर पर योग शिक्षक प्राचार्य नरेश कुमार, राजबीर खंड प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, मास्टर रविंद्र सिंह, राधेश्याम, राजेश सरपंच, थानेदार तेजवीर, शैलेन्द्र सरपंच, विनोद देवी, सुनीता, केला देवी, सुषमा आदि मौजूद रहे।

**समारोह** राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में आयोजित किया गया द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण समारोह

# अंतरराष्ट्रीय योगासन कोच के लिए डा. युद्धवीर चयनित, यूरोप के लिए मिला टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

राष्ट्रीय खेल संस्थान यानि एनएसएनआईएस पटियाला में द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन योगासन भारत की ओर से किया गया। यह भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। कार्यक्रम का संचालन योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। डा. आर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगासन खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के मिशन पर भी जोर दिया। डा. आर्य ने कार्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रथम 6 तक स्थान प्राप्त करने वाले कोच के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफल कोच को भारत और विदेशों में कोचिंग करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने छह शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सभी कोच को सम्मानित किया, जिसमे पहला स्थान महाराष्ट्र के श्रीकिशन शेषराव टांडे को यूरोप यात्रा पुरस्कार मिला, दूसरे स्थान पर राजस्थान की वंदना को यूरोप यात्रा पुरस्कार मिला, तीसरे स्थान पर झारखंड के विकास कुमार गोपे को यूरोप के लिए एक तरफा टिकट मिला, चौथे स्थान पर हरियाणा के डा. युद्धवीर को यूरोप के लिए एक तरफा टिकट मिला, पांचवे स्थान पर उत्तर प्रदेश की इंदु माथुरिया को एशियाई देश की यात्रा का टिकट मिला तथा छठे स्थान पर पश्चिम बंगाल के पंकज भगत को एशियाई देश की यात्रा का टिकट दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा से 8 लोगों ने भागीदारी की थी, जिसमे रेवाड़ी के नितिन कुमार को भी ए ग्रेड के राष्ट्रीय कोच की मान्यता मिली है। योगासन खेल संघ के जिला अध्यक्ष डा. युद्धवीर ने कहा कि योगासन भारत तथा वर्ल्ड योगासन की ओर से दी गई जिम्मेदारी का संगठन के मार्गदर्शन में पालन करते हुए योगासन खेल को बढ़ाने के लिए देश व विदेश में कार्य किया जाएगा। योगासन खेल संघ के माध्यम से जिले में विशेष योग प्रशिक्षण शिविर व सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा ताकि योगासन खेल के नए नियमों तथा योगासन खेलों से होने वाले लाभों को प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों तक पहुंचाया जा सकें। समारोह में अफ्रीकी महाद्वीप समन्वयक जयराम ठक्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ अफ्रीकी महाद्वीप के लिए अंतरराष्ट्रीय योगा एंबेसडर मरियम मैक्स, योगासन के मुख्य कोच और संपादक विशेषज्ञ प्रवीण प्रभाकर, शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के निदेशक रचित कौशिक भी उपस्थित थे। आयोजन समिति के राष्ट्रीय निदेशक पीयूष कांत मिश्रा, सोशल मीडिया निदेशक रोहित कौशिक, पंजाब योगासन राज्य निकाय के अध्यक्ष डा. अकलकला, पंजाब योगासन राज्य निकाय के सचिव डा. सीके मिश्रा और एशियन योगासन के कोषाध्यक्ष एडवोकेट उमेश नारंग भी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने योगासन भारत के 29 संबद्ध राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 140 प्रशिक्षु कोच को तैयार किया। इन प्रतिभागियों को 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संसाधन व्यक्तियों से उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।









रेवाड़ी। योग प्रशिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि,योग प्रशिक्षक डा. युद्धवीर को सम्मानित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## ट्रैक्टर चढ़ाकर बाइक तोड़ते हुए दी जान से मारने की धमकी

**धारूहेड़ा।** मीरपुर में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देने और ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी बाइक क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। रविंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि व अपने खेत में पानी की मोटर बंद करने के लिए बाइक लेकर जा रहा था। उसने आरोप लगाया कि रास्ते में सामने से ट्रैक्टर लेकर आ रहे बाबूलाल ने ट्रैक्टर बाइक के आगे लगाकर उसे रोक लिया। जब उसने इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि वह उसे जान से मारेगा। इसके बाद वह बाइक को साइड में लगाकर एक तरफ खड़ा हो गया। बाबूलाल ने ट्रैक्टर उसकी बाइक पर चढ़ा दिया।

ARORA METAL & ALLOYS
We Deal in all kinds of Metal Scraps
Spl. in :
Remelted Lead (Sikka)
MS Iron Scrap
OFFICE Plot no 32, Sector 9, Phase III IMT, Bawal-123501
Prop.: Rahul Arora : +919811998149